:: कार्यालय– प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, गुना (म0प्र0) ::

!! विविध–आदेश !!

क्रमांक :– ...01..... / साक्षात्कार / 2022 गुना, दिनॉक :–08.01.2022

मध्यप्रदेश के जिला एवं सत्र न्यायालयों की स्थापनाओं पर चतुर्थ श्रेणी आकस्मिकता निधि से वेतनभोगी कर्मचारियों, वाहन चालक, भृत्य/चौकीदार/जलवाहक, माली एवं स्वीपर (कलेक्टर रेट) प्रवर्ग की सीधी भर्ती/नियुक्ति प्रकिया संपन्न कराये जाने हेतु माननीय रजिस्ट्री द्वारा न्यायिक जिला स्थापना गुना में साक्षात्कार कार्यक्रम दिनांक 15.01.2022 एवं 16.01.2022 में आयोजित करने हेतु नियत की गयी हैं, तथा रजिस्ट्री द्वारा प्राप्त दिशा–निर्देशों के आलोक में दिनांक 15 व 16.01.2022 को 2308 अभ्यर्थियों का सीधी भर्ती हेतु साक्षात्कार कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।

उच्च न्यायालय म0प्र0 जबलपुर के परिपत्र कमांक ए/136/2022 जबलपुर दिनांक 07.01.2022 में दिये गये निर्देशानुसार वर्तमान में कोविड–19 के डेल्टा वैरिएंट एवं ओमीकॉन के बढते संक्रमण से मध्यप्रदेश राज्य के सिविल न्यायालयों में सहभागिता करने वाले न्यायिक अधिकारीगण, अभिभाषकगण, अभियोजन अधिकारीगण, शासकीय सेवकों एवं पक्षकारों की उक्त संक्रमण से सुरक्षा का उत्तरदायित्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को सौंपा गया है। ऐसी स्थिति में उपरोक्त आकस्मिकता निधि से वेतनभोगी कर्मचारियों, भृत्य/चौकीदार/जलवाहक एवं माली (कलेक्टर रेट) प्रवर्ग की सीधी भर्ती के साक्षात्कार के लिए प्रदेश के विभिन्न स्थानों से उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों की बहुत अधिक संख्या को देखते हुए संक्रमण से जिला न्यायालय में प्रतिदिन सहभागितार्कर्ताओं में संक्रमण बढने की संभावना है।

अतः वर्तमान कोविड–19 के डेल्टा एवं ओमीकोन वेरिएंट के दिन प्रतिदिन बढ़ते हुए संक्रमण को देखते हुए चतुर्थ श्रेणी आकस्मिकता निधि से वेतनभोगी कर्मचारियों, भृत्य/चौकीदार/जलवाहक एवं माली (कलेक्टर रेट) प्रवर्ग की सीधी भर्ती/नियुक्ति हेतु दिनांक 15.01.2022 एवं 16.01.2022 को आयोजित साक्षात्कार तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक स्थगित किया जाता है।

Sd/-

(रवीन्द्र कुमार भद्रसेन)
प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
गुना (म.प्र.)

पृष्ठां0 क्रमॉक :– 16../ साक्षात्कार/2022 गुना, दिनॉक :–08.01.2022

प्रतिलिपिः–

1– माननीय रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।

2– माननीय प्रिंसिपल रजिस्ट्रार महोदय, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, खण्डपीठ ग्वालियर की ओर माननीय पोर्टफोलियो न्यायाधिपति महोदय के समक्ष रखे जाने हेतु सादर प्रेषित।

3– माननीय प्रिंसिपल रजिस्ट्रार (परीक्षा), माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर की ओर सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि संबंधित सर्विस प्रोवाईडर को निर्देशित करने का कष्ट करें कि दिनांक 15.01.2022 एवं 16.01.2022 को आयोजित साक्षात्कार हेतु आहूत अभ्यर्थियों को एस.एम.एस./ ईमेल के माध्यम से साक्षात्कार स्थगन की सूचना अविलम्ब प्रेषित की जावे।

4– अध्यक्ष, साक्षात्कार समिति/विशेष न्यायाधीश गुना की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

5– कलेक्टर, जिला गुना की ओर प्रेषित कर लेख है कि साक्षात्कार स्थगित होने की सूचना प्रकाशित करवाये जाने हेतु जनसंपर्क अधिकारी गुना को निर्देशित करने का कष्ट करें।

6– प्रभारी अधिकारी, नजारत अनुभाग गुना की ओर उक्त सूचना, सूचना पटल पर चस्पा करवाये जाने हेतु प्रेषित।

7– प्रभारी अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग गुना की ओर इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वह उक्त आदेश उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर एवं जिला न्यायालय गुना की वेबसाईड पर अपलोड किये जाने हेतु जूनियर सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्युटर अनुभाग गुना को निर्देशित करें।

प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
गुना (म.प्र.)